<u>समाचार</u>

<u>छत्तीसगढ़िया ओलंपिक</u>

निगम के विभिन्न वार्डो में सोमवार भी खेले गए छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल

(साडा कन्या स्कूल व मुड़ापार में खेलों का शुभारंभ कराया महापौर ने)

कोरबा 10 अक्टूबर 2022 – छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तहत सोमवार को भी नगर पालिक निगम कोरबा के सभी वार्डो में विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया तथा खिलाड़ियों के द्वारा विभिन्न खेल खेले गए। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 13 साडा कन्या स्कूल एवं वार्ड क्र. 26 मुड़ापार में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर इन खेलों का शुभारंभ कराया, खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया, बांटी और पिट्ठूल खेल खेले तथा खेलों की शुरूआत कराई। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पार्षद रितु चौरसिया आदि विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने एवं इनके प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु राज्य के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ ओलंपिक गेम्स की शुरूआत कराई गई है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्डो में भी कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर राजीव युवा मितान क्लब के आयोजकत्व में विगत 06 अक्टूबर से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है, जो 11 अक्टूबर तक चलेगा। इसी कड़ी में आज नगर निगम कोरबा के अन्य सभी वार्डो के साथ–साथ वार्ड क्र. 13 साडा कन्या स्कूल एवं वार्ड क्र. 26 मुड़ापार में भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए खेलों का शुभारंभ कराया। उन्होने विभिन्न विधाओं के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी, बांटी व पिट्ठूल खेलों का लुत्फ उठाया तथा आयोजन की शुरूआत कराई। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, इन खेलों के प्रति जागरूकता लाने, खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने हेतु मंच प्रदान करने तथा उनमें खेल भावना का विकास करने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में इनका आयोजन किया जा रहा है तथा खिलाड़ियों व आमनागरिकों में छत्तीसगढ़

के पारंपरिक खेलों के प्रति अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने उपस्थित खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने, खेल भावना के साथ खेलने एवं अपनी–अपनी रूचि की खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा को विकसित करने के संबंध में उनका मार्गदर्शन किया।

14 प्रकार के खेल हो रहे आयोजित – छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की खेल प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों से संबंधित 14 खेल विधाएं शामिल की गई हैं, जिसके तहत गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कब्बडी, खो–खो, रस्सा कसी, बांटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेढ़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद आदि खेल आयोजित किए जा रहे हैं।

उक्त दोनों वार्डो में आयोजित कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पार्षद रितु चौरसिया के साथ–साथ वरिष्ठ नागरिक ठाकुर अवधेश सिंह, प्राचार्य रणधीर सिंह, पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे, रजनीश निषाद एवं डॉ.रामगोपाल कुर्रे, निक्की गोयल, अमन ठाकुर, विजय जायसवाल, विजय विश्वास, प्रदीप टंडन, मनीष कुमार, शाजिदा बेगम, आंगनबाई, सरस्वती चौहान, बाबी चौहान, अंजू सोमवंशी, रतना देवांगन, सुरेन्द्र राठौर, तुमूल चौहान, विक्की करसेल, उषा दीवान आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण व विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ीगण उपस्थित थे।